"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 9] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 3 मार्च 2017—फाल्गुन 12, शक 1938

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अरूणा पेरी (Aruna Perri) पति श्री नरेश पेरी (Naressh Perri) निवासी-सांई मंदिर के पीछे, गली नं. 4, दुबे कालोनी, मोवा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ. ग.) की हूं. यह कि मैं गृहणी हूं. पूर्व में मुझे पी. अरूणा (P. Aruna) कहा जाता था. मैं अपने नाम को परिवर्तित कर नया नाम अरूणा पेरी रख ली हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दी हूं.

अतः अब मुझे अरूणा पेरी पति श्री नरेश पेरी के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावे.

पुराना नाम

पी. अरूणा (P. Aruna)
पति श्री नरेश पेरी (Naressh Perri)
निवासी-सांई मंदिर के पीछे, गली नं. 4,
दुबे कालोनी, मोवा रायपुर (छ. ग.)

नया नाम

अरूणा पेरी (Aruna Perri)
पति श्री नरेश पेरी (Naressh Perri)
निवासी-सांई मंदिर के पीछे, गली नं. 4,
दुबे कालोनी, मोवा रायपुर (छ. ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमति ज्योत्सना साहा धर्मपत्नि श्री द्विजेश चन्द्र साहा, निवासी-एम. आई. जी.-1/522, आमदी नगर, हुडको, भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग (छ. ग.) की हूं. यह कि मेरे पेन कार्ड, आधार कार्ड, शालेय दस्तावेज में मेरा नाम ज्योत्सना साहा दर्ज है परन्तु मेरे बैंक दस्तावेज, सम्पत्ति दस्तावेज व अन्य दस्तावेज में मेरा घर का नाम संध्या साहा लिखा गया है. मैं अपने नाम को परिवर्तित कर नया नाम श्रीमति ज्योत्सना साहा रख ली हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दी हूं.

अत: अब मुझे श्रीमति ज्योत्सना साहा ध. प. श्री द्विजेश चन्द्र साहा के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावे.

पुराना नाम

संध्या साहा
धर्मपत्नि श्री द्विजेश चन्द्र साहा
निवासी-मकान नं. -1/522, एम. आई. जी.,
आमदी नगर, हुडको, भिलाई नगर
तहसील व जिला दुर्ग (छ. ग.)

नया नाम

श्रीमति ज्योत्सना साहा
धर्मपत्नि श्री द्विजेश चन्द्र साहा
निवासी-मकान नं. -1/522, एम. आई. जी.,
आमदी नगर, हुडको, भिलाई नगर
तहसील व जिला दुर्ग (छ. ग.)

उपनाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, सुनील कुमार देवांगन (Sunil Kumar Dewangan) आत्मज श्री जी. एल. देवांगन (G. L. Dewangan) उम्र 39 वर्ष, निवासी-प्लाट नं. 107, फेस 06, सड़क 5, मैत्री नगर, रिसाली, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ. ग.) का हूं. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम सुनील कुमार देवांगन दर्ज है जो कि मेरा सही एवं प्रचलित नाम है. मेरे 10वीं की अंकसूची, पेनकार्ड एवं मेरे नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम सुनील कुमार दर्ज है. मैं अपने नाम के आगे उपनाम "देवांगन" जोड़कर नया नाम/उपनाम सुनील कुमार देवांगन रख लिया हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूं.

अत: अब मुझे सुनील कुमार देवांगन आत्मज श्री जी. एल. देवांगन के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावे.

पुराना नाम

सुनील कुमार (Sunil Kumar)
पिता श्री जी. एल. देवांगन (G. L. Dewangan)
निवासी-प्लाट नं. 107, फेस 06, सड़क 5,
मैत्री नगर, रिसाली, भिलाई
जिला दुर्ग (छ. ग.)

नया नाम

सुनील कुमार देवांगन (Sunil Kumar Dewangan)
पिता श्री जी. एल. देवांगन (G. L. Dewangan)
निवासी-प्लाट नं. 107, फेस 06, सड़क 5,
मैत्री नगर, रिसाली, भिलाई
जिला दुर्ग (छ. ग.)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

कार्यालय पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ. ग.)

बिल्हा, दिनांक 1 फरवरी 2016

प्रारूप-चार
[नियम 5 (1) देखिये]

[लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1962 के नियम (1) के अंतर्गत]

क्रमांक/ /अ. वि. अ./वा-1/16.— आवेदक श्री रमेश सिंह ठाकुर पिता स्व. श्री बोधी सिंह, निवासी ग्राम तेलसरा, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ. ग.) द्वारा श्री महादेव रामाश्रित परमार्थ ग्राम तेलसरा, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ. ग.) को छ. ग. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 4 के अंतर्गत लोक न्यास के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा विचार में लिया जावेगा. इस संबंध में कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट में हित रखता है और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के एक माह के भीतर प्रस्तुत करें अथवा मेरे समक्ष में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से या अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची
(ट्रस्ट का नाम, पता व संपत्ति का विवरण)

(1)	ट्रस्ट का नाम व पता	:	श्री महादेव रामाश्रित परमार्थ ग्राम तेलसरा, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ. ग.)
(2)	चल संपत्ति	:	खसरा नंबर 364, 365 कुल रकबा 4.80 एकड़ जो सैन्य छावनी में अधिग्रहित की जा चुकी है जिसकी मुआवजा राशि 3841626.00 (अड़तीस लाख इकतालीस हजार छः सौ छब्बीस रुपये) भू-अर्जन अधिकारी के यहां जमा है जिसे ट्रस्ट में समायोजित करना है.
(3)	अचल संपत्ति	:	ग्राम तेलसरा तहसील बिल्हा स्थित भूमि खसरा नंबर 641, 649, 652 रकबा क्रमशः 1.52, 0.82, 1.45 कुल रकबा 3.79 एकड़ बिक्री छांट अनुसार कीमत 2424019.00 रुपये.

एस. पी. वैद्य
अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2017.